# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

29 जून 2023, गुरुवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह जी द्वारा लखीसराय, बिहार में आयोजित विशाल जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**ये बिहार की जनता है जिसने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को 2014 में 31 सीटें और 2019 में 39 सीटें दी। 2024 में एक-दो सीट की रही-सही कसर भी बिहार की जनता पूरी करेगी और बिहार की सभी 40 की 40 सीटों पर कमल खिलेगा।**

******************

**बिहार की जनता ने तय कर लिया है कि 2024 में उन्हें फिर से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी चाहिए, 20 बार फेल्ड लॉन्चिंग वाले राहुल गाँधी नहीं। बिहार की जनता ने संकल्प लिया है कि जिन्होंने दल-बदल किया है, विश्वासघात किया है और जो भ्रष्टाचारियों के साथ बैठे हैं, उन्हें दंडित करना है।**

******************

**जो नेता हर बार घर बदले, उस पर कतई विश्वास नहीं किया जा सकता। ऐसे व्यक्ति के हाथ में बिहार की बागडोर नहीं दी जा सकती। ये नीतीश कुमार को भी मालूम है, इसलिए वे कांग्रेस के घर जाकर उसकी चौखट पर बैठे हैं।**

******************

**नीतीश कुमार को पीएम नहीं बनना है, वे तो लालू यादव को इस उम्र में मूर्ख बना रहे हैं। नीतीश कुमार जी बिहार में ही रहना चाहते हैं, वे किसी भी तरह बिहार के सीएम बने रहना चाहते हैं और इसी बहाने उन्होंने सारे भाजपा विरोधियों को पटना में इकट्ठा किया।**

******************

**हमने पटना में भाजपा विरोधी दलों का एक बड़ा फोटो सेशन देखा। इसमें भाजपा विरोधी वो 20 पार्टियां हैं जिनके ऊपर 2004 से 2014 के कालखंड के दौरान लगभग 20 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले और भ्रष्टाचार के आरोप हैं।**

******************

**आपको शर्म आनी चाहिए नीतीश बाबू कि आप 20 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले वाली कांग्रेस, आरजेडी, तृणमूल, एनसीपी, डीएमके और अरविंद केजरीवाल के साथ बैठ कर सत्ता हथियाने का प्रयास कर रहे हैं।**

******************

**कांग्रेस भी अजीब पार्टी है। कांग्रेस 20 साल से हर साल राहुल गाँधी की लॉन्चिंग में लगी है लेकिन राहुल गाँधी हैं कि लॉन्च ही नहीं हो पाते। इस बार भी कांग्रेस ने पटना से राहुल गाँधी की लॉन्चिंग का एक और विफल प्रयास किया है लेकिन बिहार की जनता कभी भी भ्रष्टाचारियों के साथ नहीं रहेगी।**

******************

**नीतीश कुमार ने इंदिरा गाँधी के भ्रष्टाचार का विरोध कर राजनीतिक जीवन की शुरुआत की और लालू यादव के चारा घोटाले का विरोध करके मुख्यमंत्री तक पहुंचे। अब वे किस मुंह से कांग्रेस और लालू के साथ बैठ कर मुंगेर और लखीसराय की जनता के सामने आएंगे?**

******************

**जो आदमी किसी भी तरह सत्ता में बने रहने के लिए सत्ता के लिए सारे सिद्धांतों को तिलांजलि दे दे, उसका भरोसा कभी नहीं किया जा सकता। बिहार को जंगलराज से मुक्त करने के लिए और भ्रष्टाचार करने वालों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए बिहार में सभी की सभी सीटों पर कमल खिलाइये।**

******************

**जो लोग सत्ता के लिए लालू यादव और कांग्रेस के साथ जा रहे हैं, उन्हीं के कारण बिहार में गुंडाराज, बालू माफिया और शराब माफिया का बोलबाला है और उन्हीं के कारण बिहार में हथियारों के जखीरे आ रहे हैं। बिहार की कानून-व्यवस्था दिन-प्रतिदिन चरमराती जा रही है।**

******************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह जी ने आज गुरुवार को बिहार के लखीसराय में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के सफल 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। बारिश के बीच केंद्रीय गृह मंत्री का लखीसराय पहुँचने पर भव्य स्वागत किया गया। बिगड़ते मौसम के बावजूद जनता का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल, पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद श्री सुशील मोदी, श्री मंगल पांडेय और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख एवं विधान पार्षद डॉ संजय मयूख सहित पार्टी के तामाम वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। मंच पर पहुँचने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री सम्राट चौधरी व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा ने श्री शाह को गदा व मां जगदंबा स्थान की तस्वीर भेंट की। बिहार की संस्कृति की प्रतीक मखाना की माला पहनाकर गृह मंत्री का स्वागत किया गया। इससे पहले श्री शाह अप्रैल महीने में भी बिहार आये थे और तथाकथित महागठबंधन पर जोरदार हमला बोला था।

श्री शाह ने बारिश और आंधी के बीच भारी संख्या में आये जन-सैलाब का धन्यवाद करते हुए बाबा अशोक धाम को नमन किया। लखीसराय के गाँधी मैदान में 'भारत माता की जय' के नारे से हुंकार भरते हुए कहा कि **ये बिहार की जनता है जिसने आदरणीय प्रधानमंत्री जी को 2014 में 31 सीटें और 2019 में 39 सीटें दी। 2024 में एक-दो सीट की रही-सही कसर भी बिहार की जनता पूरी करेगी और बिहार की सभी 40 की 40 सीटों पर कमल खिलेगा।**

नीतीश कुमार पर हमला करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पलटू बाबू नीतीश कुमार जी पूछ रहे थे कि भाजपा सरकार ने क्या किया 9 साल में? अरे नीतीश बाबू, जिनके साथ इतना बैठे हो, जिनके कारण मुख्यमंत्री बने हो, उसका जरा तो लिहाज रखो। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 9 साल गरीब कल्याण, भारत गौरव और भारत उत्कर्ष के रहे हैं। **आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने बीते 9 वर्षों में देश के लगभग 70 करोड़ लोगों के जीवन-स्तर को ऊपर उठाया है। आजादी से अब तक किसी भी प्रधानमंत्री ने देश के किसानों के एकाउंट में हर साल छः-छः हजार रुपये रुपये डालने की शुरुआत नहीं की जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया।** किसान सम्मान निधि से बिहार के लगभग 86 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं जिन्हें अब तक लगभग 18,000 करोड़ रुपये की राशि दी जा चूक है। जल जीवन मिशन के तहत बिहार में लगभग 1.60 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचा। बिहार में लगभग 75 लाख लाभार्थियों को आयुष्मान भारत का लाभ मिल रहा है। बिहार में लगभग 1.30 करोड़ शौचालय बने, पीएम आवास योजना के तहत लगभग 37 लाख लोगों को आवास मिला और राज्य के लगभग 1.80 करोड़ लोगों को पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त अनाज मिल रहा है।

श्री शाह ने कहा कि **आज हमारे प्रधानमंत्री जी दुनिया के किसी भी देश जाते हैं तो वहां उनका भव्य स्वागत होता है और हर जगह मोदी-मोदी के गगनभेदी नारे लगते हैं। कोई उनसे अपॉइंटमेंट माँगता है, कोई उनका ऑटोग्राफ लेता है तो कोई उनके पैर छूकर उनसे आशीर्वाद ले रहा है। देश के आदरणीय प्रधानमंत्री जी का स्वागत देश के 140 करोड़ लोगों का सम्मान है, भारत का सम्मान है।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के जरिये आतंकवाद पर करारा प्रहार किया। कांग्रेस, जदयू, आरजेडी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, सपा, सबके सब धारा 370 का समर्थन किया करते थे, ये लोग संसद में धारा 370 का समर्थन करते थे लेकिन दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 05 अगस्त 2019 को धारा 370 को उखाड़ फेंका। **आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत के लक्ष्य के साथ बीते 9 वर्षों में काम किया है।**

बिहार में श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के विकास कार्यों को रेखांकित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुंगेर से बेगूसराय तक रेल सड़क को डबल और पुल के निर्माण का काम हुआ है, मुंगेर में इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित हुआ है, मुंगेर में मेडिकल कॉलेज बनाया गया, रोडवेज के लिए लगभग तीन लाख करोड़ रुपये के 13 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे दिए गए, भारतमाला के तहत लगभग 45,000 करोड़ रुपये दिए गए, बिहार-झारखंड एक्सप्रेस-वे के लिए लगभग 28,500 करोड़ रुपये दिए गए, 6,800 करोड़ रुपये की लागत से गंगा पर पुल और सड़क उन्नयन को मंजूरी दी गई है। लगभग 3400 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना लागू की गई है, लागग 230 किमी लंबा असम-दरभंगा हाइवे का काम चल रहा है, 175 करोड़ रुपये की लागत से मधुबनी में पीएम सड़क योजना का काम चल रहा है, लगभग 13,400 करोड़ रुपये की लागत से पटना में मेट्रो का काम शुरू हुआ है, करोड़ों रुपये की लागत से सुपौल-अररिया रेलमार्ग पर काम चल रहा है। रेलवे ट्रैक पर 85 नए ओवरब्रिज और विद्युतीकरण का काम हो रहा है। दरभंगा को उड़ान योजना से जोड़ा गया है। शिवहर जनपद में केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और डिग्री कॉलेज तथा झंझारपुर में मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित किये गए हैं। बक्सर में वीर कुंअर सिंह महाविद्यालय,  इंजीनियरिंग कॉलेज का काम हुआ है। कोसी नदी पर 130 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना पर काम चल रहा है। साथ ही, बक्सर के चौसा में 1360 मेगावाट क्षमता के पॉवर प्लांट पर काम शुरू हुआ है। मधेपुरा में मछली चारा मिल भी शुरू हुआ। नीतीश बाबू, आप जवाब दीजिये, आपने क्या किया?

नीतीश कुमार पर जोरदार हमला बोलते हुए श्री शाह ने कहा कि **जो नेता हर बार घर बदले, उस पर कतई विश्वास नहीं किया जा सकता। ऐसे व्यक्ति के हाथ में बिहार प्रदेश की बागडोर सौंपी नहीं जा सकती। ये नीतीश कुमार को भी मालूम है, इसलिए वे कांग्रेस के घर जाकर उसकी चौखट पर बैठे हैं।** हालांकि, **नीतीश कुमार को पीएम नहीं बनना है, वे तो लालू यादव को इस उम्र में मूर्ख बना रहे हैं। नीतीश कुमार जी बिहार में ही रहना चाहते हैं, वे किसी भी तरह बिहार के सीएम बने रहना चाहते हैं और इसी बहाने उन्होंने सारे भाजपा विरोधियों को पटना में इकठ्ठा किया।**

विपक्ष पर हमला जारी रखते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **हमने पटना में भाजपा विरोधी दलों का एक बड़ा फोटो सेशन देखा। इसे देखकर मुझे आश्चर्य भी हुआ। नीतीश कुमार ने कहा कि हमने पटना में 15 विपक्षी दलों को इकठ्ठा किया लेकिन ये पार्टियां हैं कौन? ये वो पार्टियां हैं जिनके ऊपर 2004 से 2014 के कालखंड के दौरान लगभग 20 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले और भ्रष्टाचार के आरोप हैं।** बिहार की यह पावन भूमि लोकनायक जयप्रकाश नारायण की भूमि है जहाँ से भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत हुई। **आपको शर्म आनी चाहिए नीतीश बाबू कि आप 20 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले वाली कांग्रेस, आरजेडी, तृणमूल, एनसीपी, डीएमके और अरविंद केजरीवाल के साथ बैठ कर सत्ता हथियाने का प्रयास कर रहे हैं। जो आदमी किसी भी तरह सत्ता में बने रहने के लिए सत्ता के लिए सारे सिद्धांतों को तिलांजलि दे दे, उसका भरोसा कभी नहीं किया जा सकता।  नीतीश कुमार जी, आपकी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत ही भ्रष्टाचार और लालू यादव के विरोध से हुई। आपने इंदिरा गाँधी के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की और लालू यादव के चारा घोटाले का विरोध करके मुख्यमंत्री तक पहुंचे। अब आप किस मुंह से कांग्रेस और लालू के साथ बैठ कर मुंगेर और लखीसराय की जनता के सामने आएंगे?**

कांग्रेस पर हमला करते हुए श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी भी अजीब पार्टी है। राजनीति में किसी भी नेता को एक बार लॉन्च किया जाता है। हम तो ऐसी पार्टी से हैं जहाँ नेता को लॉन्च नहीं किया जाता बल्कि जनता ही नेता को लॉन्च करती है। कांग्रेस**

**20 साल से हर साल राहुल गाँधी की लॉन्चिंग में लगी है लेकिन राहुल गाँधी हैं कि लॉन्च ही नहीं हो पाते। उनकी लॉन्चिंग हर बार विफल हो जाती है। इस बार भी कांग्रेस ने पटना से राहुल गाँधी की लॉन्चिंग का एक और विफल प्रयास किया है।** मैं आप सबको बताता हूँ कि **बिहार की जनता कभी भी भ्रष्टाचारियों के साथ नहीं रहेगी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 2024 में भी भारतीय जनता पार्टी की ओर से देश का नेतृत्व करेंगे। **बिहार को जंगलराज से मुक्त करने के लिए और भ्रष्टाचार करने वालों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए बिहार में सभी की सभी सीटों पर कमल खिलाइये। जो लोग सत्ता के लिए लालू यादव और कांग्रेस के साथ जा रहे हैं, उन्हीं के कारण बिहार में गुंडाराज, बालू माफिया, शराब माफिया और हथियारों के जखीरे आ रहे हैं। बिहार की कानून-व्यवस्था दिन-प्रतिदिन चरमराती जा रही है।**

श्री शाह ने कहा कि **बिहार की जनता ने तय कर लिया है कि 2024 में उन्हें फिर से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी चाहिए, 20 बार फेल्ड लॉन्चिंग वाले राहुल गाँधी नहीं। बिहार की जनता ने संकल्प लिया है कि जिन्होंने दल-बदल किया है, विश्वासघात किया है और जो भ्रष्टाचारियों के साथ बैठे हैं, उन्हें दंडित करना है।**

***********************